ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

प्रो. रजनीश जैन
सचिव

Prof. Rajnish Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)
बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph.: 011-23236288/23239337
Fax : 011-2323 8858
E-mail : secy.ugc@nic.in

अ.शा.मि.स. 14-13/2015 (सीपीपी-II)

07 जून, 2019

**विषय : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस अनुष्ठान ।**

**आदरणीय महोदया/महोदय,**

यह पत्र आगामी 21 जून 2019 को **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** अनुष्ठान के संबंध में जारी किये गये मेरे समसंख्यक पत्र दिनांक 20 मार्च, 2019 के अनुक्रम में है। उम्मीद है कि आपके सम्मानित विश्वविद्यालय ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रमों/गतिविधियों की योजना निर्धारित कर ली होगी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने अपने पत्र सं 304/2019-यू.5 (पार्ट.) दिनांक 7 मार्च, 2019 के द्वारा आयुष मंत्रालय से प्राप्त सामान्य योग प्रोटोकॉल, 2019 को अग्रेषित किया है जो http: www.ayush.gov.in/event/common-yoga-protocol-2017 पर आपके सुलभ संदर्भ के लिए उपलब्ध है।

विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की केन्द्रीय गतिविधि, सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित सामूहिक योग प्रदर्शन होगा। इस अभ्यास का उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को उन अपार लाभों से अवगत कराना है, जो योग के अभ्यास से प्राप्त हो सकते हैं और जो उन्हें योग दिवस से परे योग का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रेरित करते हैं।

अतः आपसे से अनुरोध है कि 21 जून, 2019 को प्रातः 7.00 बजे से 8.00 बजे तक कर्मचारियों, शिक्षकों एंव छात्रों की भागीदारी के साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित सामूहिक योग प्रदर्शन का आयोजन कर आयोग के विश्वविद्यालय गतिविधि निगरानी पोर्टल (यू.ए.एम.पी) (https://www.ugc.ac.in/uamp/-) पर कार्य योजना सहित अपनी संस्था में आयोजित योग गतिविधियों की तस्वीरें, वीडियो आदि अपलोड करें। आपके विश्वविद्यालय से संबध्द महाविद्यालय/संस्थानों को भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश देने की कृपा करें।

सादर,

भवदीय,

रजनीश

**(रजनीश जैन)**

**<u>सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति</u>**